DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
LIBRARY
PRESS CLIPPING SERVICE

* THE TIMES OF INDIA, NEW DELHI
WEDNESDAY, JULY 6, 2022

# Fast-track tasks on decongesting 77 corridors: LG

TIMES NEWS NETWORK

**New Delhi:** Lieutenant governor V K Saxena has directed agencies to complete all pending tasks related to decongestion of 77 corridors for improving the flow of traffic within three months, said sources. Teams of a task force, set up five years ago to decongest main roads, had earlier identified 77 corridors covering around 400km.

The LG was informed that most of the work related to removal of electricity poles and power transformers had been pending since 2019, prompting Saxena to wonder how such an innocuous work could get embroiled in red tapes of exchange of letters among different departments.

Sources said the LG had asked the chief secretary to sort out all inter-departmental issues and fix a timeline for completing each task. Responsibility should be fixed if timelines are not met, Saxena said during a meeting.

It was also highlighted that there was a similar long delay in removing identified religious structures, jhuggis and trees, and Saxena directed officials to ensure total inter-departmental coordination and doing away with the habit of conveniently using court orders as alibis for non-performance, according to sources.

Of the pending 119 tasks, 58 are under the jurisdiction of the public works department. They include removal of trees at eight places, jhuggis at seven and religious structures at 17 places, and minor tasks like replacement of power transformers and poles and five tasks related to non-availability of adequate parking outside banquet halls.

Sources said pending tasks were delaying decongestion on important stretches, including Mehrauli-Gurgaon road, Mehrauli-Badarpur Road, Ring Road (Vijay Nagar to Burari Chowk) and Loni Road (Shahdara GT Road to Loni Border).

Ruing that the authorities first let unauthorised religious structures and jhuggis come up and then went on to move files to remove them, the LG instructed that any such activity should be stopped immediately and proactive intervention should be taken by the authorities concerned. Sources said the LG would personally monitor this and take serious action if the direction wasn't followed. A meeting of 'Religious Places Committee', which decides about removal of religious structures, will be held on every last working day of the month, it was decided.

For parking at banquet hall sites, Delhi Development Authority will hand over identified lands to Municipal Corporation of Delhi (MCD) at institutional/notional rates. MCD will get the association of banquet halls to construct multilevel parking at their own cost in lieu of the land provided by it, said sources.

## Set up smart classes in MCD schools: Saxena

LG Vinai Kumar Saxena directed officials to make provision for smart classes, smart rooms and smart desks in every school, after inspecting Municipal Corporation of Delhi-run Nigam Pratibha Vidyalay, at Pitampura on Tuesday. Of the 1,530 schools under MCD, there is provision for smart boards at 635 schools. "During the inspection, direction was given to make provision for at least 10 smart boards in each of the 18 schools on priority basis," said an MCD official. TNN

# 'Old age home failed to take off due to frequent design changes'

TIMES NEWS NETWORK

**New Delhi:** Even after 21 years of land being acquired for an old age home at Rohini, the Delhi government project failed to take off, largely due to frequent revision in the drawings and design, the Comptroller and Auditor General of India stated in a report.

In the case of another proposed old age home at Kanti Nagar, frequent changes of executing agencies resulted in the project getting completed after 16 years of taking possession of the land.

CAG mentioned that the delay in completing the old age homes resulted in avoidable payment of composition fee amounting to Rs 130.1 lakh to Delhi Development Authority. The report also stated that this also deprived the elderly residents of Delhi from the much-needed social security of staying in old age homes.

The report mentioned that one of the responsibilities of the social welfare department of Delhi government was to provide social security for the aged through a network of residential care homes. However, till date only two old age homes had been established. While the one at Bindapur being run by the department itself can accommodate 50 people, another home at Lampur, with a capacity of 30 occupants, is being run in collaboration with Delhi Brotherhood Society.

The department had taken possession of two plots at Rohini-IV and Kanti Nagar in March 1997 and August 2006, respectively, for construction of old age homes within a period of two years from the date of taking possession of the land.

Spread over 3,576 square metres, the proposed old age home at Rohini would be able to accommodate 176 people, while the one at Kanti Nagar, which was inaugurated earlier this year, can house 117 residents. "As a result of these delays, the elderly, who would have availed of the security of stay in these old age homes, were deprived of the facilities," the report stated.

The auditor also stated that non-construction of a working women's hostel by Delhi government's department of women and child development even after 16 years of taking possession of the land not only resulted in blockade of funds of Rs 97.5 lakh, but also deprived many working women of safe, dignified and affordable accommodation.

## Times View

Old age homes perform a variety of roles for senior citizens. For some, staying there is a matter of choice; for others it is a place of shelter. In Delhi, where there is a shortage of such homes, it is time that the snail-paced project gathers momentum.

दैनिक जागरण नई दिल्ली, 6 जुलाई, 2022

# तीन साल पहले चिह्नित की गई 77 सड़कें होंगी जाम मुक्त

- एलजी ने अधिकारियों से तीन माह में सड़कों से गतिरोध हटाने के लिए कहा
- दी चेतावनी, इस कार्य में किसी भी तरह की हीलाहवाली बर्दाश्त नहीं होगी

राज्य ब्यूरो, नई दिल्ली: राजधानी की 77 सड़कें जल्द जाम मुक्त होंगी। इन सड़कों से बिजली के खंभे, ट्रांसफार्मर, पेड़ और बिजली के तार हटाने से संबंधित अधिकांश कार्य वर्ष 2019 से लंबित हैं। उपराज्यपाल (एलजी) वीके सक्सेना ने सड़कों से बाटल नेक खत्म करने के मकसद से लोक निर्माण विभाग, वन विभाग, गृह विभाग, दिल्ली शहरी आश्रय सुधार बोर्ड और दिल्ली विकास प्राधिकरण समेत अन्य संबंधित एजेंसियों के अधिकारियों संग यातायात सुचारु करने को लेकर समीक्षा बैठक की। उन्होंने लंबे समय से काम लंबित रहने पर अधिकारियों को जमकर फटकार लगाई और चिह्नित सड़कों से अवरोधों को तीन महीने के भीतर हटाने का निर्देश दिया। कहा, इस कार्य में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

सूत्रों के अनुसार एलजी ने मुख्य सचिव नरेश कुमार से कहा है कि यह सुनिश्चित किया जाए कि यातायात में बाधा बन रहे पेड़, बिजली के खंभे हटाने समेत अन्य कार्य तय समय में पूरे हों। लंबित 119 कार्यों में से 58 पर लोक निर्माण विभाग द्वारा कार्रवाई की जानी थी। आठ स्थानों पर वृक्षों को हटाने, सात स्थानों पर झुग्गियों और 17 स्थानों पर धार्मिक संरचनाओं के अलावा ट्रांसफार्मर और पोल के प्रतिस्थापन, बैंक्वेट हाल के बाहर पार्किंग की सुविधा से संबंधित पांच कार्यों अत्यधिक देरी हो रही थी।

DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
LIBRARY
PRESS CLIPPING SERVICE

। नवभारत टाइम्स । नई दिल्ली । बुधवार, 6 जुलाई 2022

NAME OF NEWSPAPERS----------------------------------

हिन्दुस्तान

# 'तीन महीने में सड़कों से अवरोधक हटें'

## निर्देश

नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता। उप राज्यपाल वीके सक्सेना ने राजधानी के 77 कॉरिडोर पर बिजली खंभे, ट्रांसफार्मर, पेड़ और धार्मिक ढांचे समेत अवरोधक नहीं हटाने पर नाराजगी जताई। उन्होंने तीन महीने के अंदर सड़कों से इन्हें हटाने के निर्देश दिए हैं, ताकि यातायात को सुगम बनाया जा सके। इस मामले में अधिकारियों की जिम्मेदारी तय होनी चाहिए।

उप राज्यपाल ने सोमवार को तमाम विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक कर लगभग तीन साल पहले दिल्ली की 77 कॉरिडोर से अवरोध हटाने को लेकर तैयार की गई योजना की समीक्षा की। इस दौरान इन अवरोधों को नहीं हटाए जा सकने के पीछे बताए कारणों पर उन्होंने गहरी नाराजगी जाहिर की। उन्होंने कहा कि इन छोटे मुद्दों को तत्काल की हल कर लिए जाने चाहिए थे, ताकि लोगों को परेशानी का सामना नहीं करना पड़े। उन्होंने लोक निर्माण विभाग, वन विभाग, गृह विभाग, डूसिब और डीडीए के अधिकारियों को सभी लंबित कामों को तीन महीने के भीतर पूरे करने के निर्देश दिए हैं।

सूत्रों के मुताबिक इन 77 कॉरिडोर पर कुल 119 काम लंबित हैं। इनमें 58 का लोक निर्माण विभाग से संबंधित हैं, जबकि आठ जगहों पर पेड़ हटाने काम है। इसी प्रकार झुग्गियां हटाने का काम सात जगहों पर है और 17 जगहों पर धार्मिक ढांचे हैं।

### जल प्रदूषण पर एलजी ने मांगे सुझाव

नई दिल्ली। उप राज्यपाल वीके सक्सेना ने मंगलवार को दिल्ली के लोगों से जल प्रदूषण के समाधान को लेकर सुझाव मांगे। उन्होंने मंगलवार को ट्वीट किया, यमुना के पानी में डीओ यानी डिजाल्व ऑक्सीजन की मात्रा शून्य है। जबकि, बीओडी (बायो ऑक्सीजन डिमांड) और फेकल कोलीफार्म का स्तर स्वीकृति की सीमा से क्रमश: 2400 फीसदी और 31,500 फीसदी ज्यादा है। उप राज्यपाल ने इस समस्या को लेकर सुझाव ईमेल writetolgdelhi@gmail.com पर देने को कहा है।

### दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पर नहीं अनुमति

दिल्ली नगर निगम गाजीपुर बॉर्डर पर दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पर बिना अनुमति से टोल चला रही है। शुरुआत में निगम ने एनएचएआई से एक्सप्रेसवे से जुड़ी एनएच-9 की सर्विस रोड और उसके बराबर की एनएच की एक लेन पर टोल प्लाजा बनाने की अनुमति यह कहकर ली थी कि जल्द ही सर्विस रोड के किनारे डीडीए की जमीन पर नया प्लाजा बना लेंगे। एनएचएआई ने अनुमति प्रदान की, लेकिन निगम ने एनएच की दोनों लेन के साथ एक्सप्रेसवे की एक लेन पर भी टोल बूथ बना दिया है, जिससे हर रोज लोगों को जाम में फंसना पड़ता है।

# 77 कॉरिडोर्स पर नहीं हुआ काम, LG ने लगाई फटकार

- एलजी ने इंटर डिपार्टमेंटल मुद्दों को सुलझाने, काम की समय सीमा तय करने और अधिकारियों की जवाबदेही तय करने के लिए कहा
- धार्मिक स्थलों, झुग्गी-झोपड़ियों और पेड़ों अभी तक हटाए नहीं जाने पर जताई नाराजगी

■ विशेष संवाददाता, नई दिल्ली

दिल्ली के चुनिंदा 77 कॉरिडोर पर ट्रैफिक कंजेशन और भीड़भाड़ को कम करने और इन सड़कों को पैदल चलने वालों के लिए और ज्यादा सुरक्षित बनाने के मकसद से तैयार की गई योजना के अभी तक पूरा नहीं होने पर उपराज्यपाल ने नाराजगी जताई है। सोमवार को इसे लेकर बुलाई गई मीटिंग में उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने तमाम विभागों के अधिकारियों को फटकार भी लगाई। उन्होंने पीडब्ल्यूडी, एमसीडी, वन विभाग, गृह विभाग, डूसिब और डीडीए समेत सभी संबंधित एजेंसियों को सभी पेंडिंग काम तीन महीने में पूरा करने के निर्देश जारी किए। यह पता चलने पर कि बिजली के खंभे और ट्रांसफॉर्मर को हटाने जैसे ज्यादातर काम 2019 से ही पेंडिंग हैं, एलजी ने हैरानी जताते हुए कहा कि इस तरह के छोटे-छोटे काम भी विभागों के बीच चिट्ठियों के आदान-प्रदान से आगे नहीं बढ़ पाएं हैं। यह शर्मनाक है।

इन कॉरिडोर्स को कंजेशन फ्री करने के लिए पहले से चिह्नित धार्मिक स्थलों, झुग्गी-झोपड़ियों और पेड़ों को सड़क किनारे से हटाने में इतने साल लगने पर भी एलजी ने नाराजगी जताई। उन्होंने बैठक में मौजूद मुख्य सचिव नरेश कुमार से लंबित पड़े सभी इंटर डिपार्टमेंटल मुद्दों को सुलझाने, प्रत्येक काम को पूरा करने की समय सीमा तय करने और संबंधित विभागों के अधिकारियों की जवाबदेही तय करने का आदेश दिया।

एलजी को बताया गया कि इन कॉरिडोर्स को कंजेशन फ्री करने के लिए अभी भी 119 जगहों पर काम पेंडिंग हैं। इनमें 58 पर जगहों पीडब्ल्यूडी को कार्रवाई करनी थी। इसके तहत 8 जगहों पर पेड़ों को हटाने, 7 जगहों से झुग्गियां हटाने और 17 जगहों से धार्मिक स्थल, बिजली के ट्रांसफॉर्मर और खंभे हटाने का काम करना था। इसके अलावा 5 जगहों पर बैंक्वेट हॉल के बाहर पार्किंग की दिक्कत भी दूर करनी थी। अधिकारियों की दलीलों को खारिज करते हुए एलजी ने कहा कि पहले तो उनकी लापरवाही के चलते सड़क किनारे अवैध ढांचे बन गए और अब उन्हें हटाने के लिए फाइलों को एक जगह से दूसरी जगह भेजकर मामले को टाला जा रहा है।

# रोहिणी-हेलीपोर्ट रोड के गड्ढों से अब मिली निजात, हुई मरम्मत

■ शमसे आलम, रोहिणी : रिठाला-रोहिणी हेलीपोर्ट रोड पर रोहिणी सेक्टर-25 के आसपास कई जगहों पर सड़क टूट गई थी। सड़क में कई गहरे गड्ढे भी हो गए थे, जिसकी चपेट में आने से लोग हादसे का भी शिकार हो रहे थे। लोगों का कहना है कि कई बार शिकायत भी की गई, लेकिन कोई सकड़ की मरम्मत नहीं हो रही थी। लोगों की शिकायत पर एनबीटी ने इस खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया। इस पर डीडीए ने एक्शन लेते हुए सड़क की मरम्मत करा दी है। लोगों ने खुशी जताते हुए कहा कि इस रोड के बन जाने से लोगों को बड़ी राहत मिली है।



NBT इंपैक्ट

आउटर दिल्ली को रोहिणी, पीतमपुरा, आउटर रिंग रोड के अलावा दिल्ली की कई दूसरी सड़कों से जोड़ने वाली इस रोड पर हर समय ट्रैफिक का दबाव रहता है। बवाना और नरेला इंडस्ट्रियल एरिया तक पहुंचने के लिए भी लोग इस रोड का इस्तेमाल करते हैं। रिठाला से आगे मेट्रो ना होने के कारण इस रोड पर काफी संख्या में गाड़ियां चलती हैं। रिठाला से रोहिणी हेलीपोर्ट तक करीब 6 किलोमीटर लंबी इस सड़क पर कई गहरे गड्ढे हो गए थे। अचानक इन गड्ढों में गाड़ियों का टायर जाने से लोग हादसे का शिकार हो रहे थे। सड़क टूटी होने के कारण इस रोड पर धूल भी उड़ती रहती थी। लोगों को हो रही समस्या को एनबीटी ने दो बार प्रमुखता से प्रकाशित किया। इसके बाद हरकत में आए डीडीए ने इस सड़क की मरम्मत करा दी है। लोगों का कहना है कि अब उन्हें गड्ढों और धूल की समस्या से निजात मिल गई है।

DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
LIBRARY
PRESS CLIPPING SERVICE



दैनिक भास्कर

DATED 06/07/2022


एलजी ने एजेंसियों को तीन महीने का समय दिया

# दिल्ली की 77 सड़कों पर बने धार्मिक स्थल हटाने के आदेश

भास्कर न्यूज | नई दिल्ली

दिल्ली में 77 सड़कों पर अतिक्रमण कर बनाए गए धार्मिक स्थल हटाने के आदेश जारी किया गया है। उपराज्यपाल कार्यालय के सूत्रों के अनुसार दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने सोमवार को पीडब्ल्यूडी, वन विभाग, गृह विभाग, डीयूएसआईबी और डीडीए, एमसीडी, एनडीएमसी सहित एजेंसियों को तीन महीने के भीतर यातायात के प्रवाह में सुधार के लिए 77 कॉरिडोर से तीन माह के अंदर अतिक्रमण हटाने का आदेश दिया है। उपराज्यपाल ने कहा है कि तीन माह में अगर सड़कों को अतिक्रमण से मुक्त नहीं करवाया जाता है तो संबधित अधिकारी पर कार्रवाई होगी। उपराज्यपाल ने सभी विभागों को आदेश दिया है कि वो सड़कों से अतिक्रमण को हटाने के लिए सभी निकाय आपस में कोर्डिनेशन कर अतिक्रमण हटाने के लिए शीघ्र अभियान चलाए और इसे पूरा करे।

बताया जा रहा है दिल्ली के सड़कों पर मंदिरों, मजार, झुग्गियां बनाकर किए गए अतिक्रमण को लेकर मिली शिकायतों पर उपराज्यपाल ने दिल्ली की सड़कों पर एक सप्ताह में 77 सड़कों पर बिना किसी विभाग को सूचना दिए गुप्त दौरा किया था। इस दौरान उपराज्यपाल ने सड़कों पर मंदिर, मजार बनाकर किए गए अतिक्रमण से पाया कि वहां पर वाहन चालकों को यातायात में परेशानी का सामना करना पड़ता है।

नंद नगरी के मैदान पर सांसद खेल महोत्सव शुरू

# डीडीए से जगह मिली तो उत्तर पूर्वी दिल्ली को देंगे दो क्रिकेट ग्राउंड : रोहन जेटली

भास्कर न्यूज | नई दिल्ली

डीडीसीए के अध्यक्ष रोहन जेटली ने कहा कि मेरा प्रयास है कि दिल्ली से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खिलाड़ियों को निकाला जाए और इस के लिए हर दिन दिल्ली में तीन मैचों का आयोजन हो रहा है। यह ऐसे आयोजन से संभव हो सकता है। जेटली ने कहा कि सांसद मनोज तिवारी हमें यह ग्राउंड डीडीए से दिलवा देंगे तो इसे विकसित कर मैं यहां क्रिकेट एकेडमी खोलने का प्रयास करूंगा और इसके अलावा एक और मैदान उत्तर पूर्वी दिल्ली में क्रिकेट मैदान के रूप में विकसित करने का संकल्प लेता हूं। रोहन जेटली डिस्ट्रिक्ट पार्क नंद नगरी में मंगलवार को खेल महोत्सव का शुभारंभ अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में लोगों को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष आदेश गुप्ता, सांसद रमेश बिधूड़ी, विधायक अजय महावर एवं जितेन्द्र महाजन, भाजपा नेता नीलकांत बक्शी सहित टीमों के संयोजक एवं आयोजन समिति के पदाधिकारी सहित कई लोग उपस्थित थे।

यह खेल प्रतिदिन सुबह 7 से 10 बजे और शाम 4 से 7 बजे तक होगा। इसमें क्रिकेट के अलावा महिला फुटबाल और एथलेटिक्स भी होगा। क्रिकेट और फुटबाल में उत्तर पूर्वी दिल्ली लोकसभा की 12 टीमें खेलेंगी जिसमें 10 विधानसभा की 10 टीम और हमारी लोकसभा की दिल्ली पुलिस की एक टीम व एक टीम मीडिया की भी हिस्सा लेगी।


पंजाब केसरी


राजधानी में जाम को लेकर एलजी की सख्ती

# दिल्ली की 77 सड़कें होंगी जाम मुक्त, 2019 में हुई थी पहचान

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): राजधानी में जाम को लेकर एलजी वीके सक्सेना ने सख्ती दिखाई है। उनकी सख्ती के बाद दिल्ली की 77 सड़कें जाम मुक्त होंगी। इन सड़कों से बिजली के बिजली के खंभे, बिजली के ट्रांसफार्मर, पेड़, तार हटाने से संबंधित अधिकांश कार्य वर्ष 2019 से लंबित पड़े हैं। उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने सड़कों से बॉटल नेक खत्म करने के मकसद से लोक निर्माण विभाग, वन विभाग, गृह विभाग, डीयूसआईबी और दिल्ली विकास प्राधिकरण समेत अन्य संबंधित एजेंसियों के अधिकारियों संग यातायात सुचारू करने को लेकर समीक्षा बैठक की। उन्हें लंबे से काम लंबित रहने पर अधिकारियों को जमकर फटकार लगाई और पहचान की गई सड़कों से आवागमन में बाधा पहुंचा रहे अवरुद्ध को तीन महीने के भीतर हटाने का निर्देश दिया है। साथ ही कहा कि इस कार्य को करने में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सूत्रों के अनुसार उपराज्यपाल



ने मुख्य सचिव नरेश कुमार से सभी लंबित मामलों को सुलझाने और हर कार्य को पूरा करने के लिए समय सीमा तय करने को कहा। साथ ही यह भी निर्देश दिया कि यह सुनिश्चित किया जाए कि यातायात में बाधा बन रहे पेड़, बिजली के खंभे समेत अन्य कार्य तय समय सीमा में पूरा हो और संबंधित अधिकारी की जिम्मेदारी तय की जाए। लंबित 119 कार्यों में से 58 पर लोक निर्माण विभाग द्वारा कार्रवाई की जानी थी।

DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
LIBRARY
S CLIPPING SERVICE

the pioneer
NEW DELHI | WEDNESDAY | JULY 6, 2022

DATED

# Complete decongestion of 77 corridors within three months: Delhi L-G

STAFF REPORTER ■ NEW DELHI

Delhi Lieutenant Governor, Vinai Kumar Saxena has issued strict instructions to all agencies to ensure completion of all pending tasks related to decongestion of 77 corridors within three months. The direction has been issued to Public Welfare Department (PWD), Forest Department, Home Department, Delhi Urban Shelter Improvement Board (DUSIB) and Delhi Development Authority (DDA).

Sources said that Lt Governor was informed that most of the work related to removal of electric poles and power transformers have been pending since 2019. Sources revealed that of the pending 119 tasks, 58 were required to be acted upon by the PWD.



Tasks such as removal of trees at eight places, jhuggis at seven places and religious structures at seventeen places and minor tasks such as replacement of power transformers and poles and five tasks related to non-availability of adequate parking outside banquet halls were inordinately delaying decongestion on important stretches including Mehrauli-Gurgaon road, Mehrauli-Badarpur road, Ring Road (Vijay Nagar to Burari Chowk) and Loni Road (from Shahdara GT Road to Loni Border) among others.

"The L-G expressed concern that such petty, innocuous works were getting embroiled in a red-tape exchange of letters between different departments," said the sources.

While expressing grave displeasure on the pending delays in removal of identified religious structures, jhuggis and trees, the L-G has asked the concerned officials to ensure completion of tasks within a set timeline and to avoid using Court orders as alibis and excuses for non-performance.

He has also asked the Chief Secretary to ensure inter-departmental co-ordination and completion of work within the time-frame. The LG issued instructions that any ongoing activity related to unauthorized religious structures and jhuggis should be stopped immediately and should be proactively intervened by the concerned authorities. He underlined that he would be personally monitoring and any deviation from the directions will be taken very seriously.

It was decided that a meeting of 'Religious Places Committee', which decides upon removal of religious structures, will be held on every last working day of the month and all pending cases will be decided upon therein.

In the matter relating to parking outside of banquet halls it was decided that DDA will handover identified lands to Municipal Corporation of Delhi (MCD) at institutional/notional rates. The MCD in turn would involve the association of banquet halls and instruct them to construct multilevel parking at their own cost in lieu of the land provided.

Task Force teams were created in January 2017 with an objective to act on major travel corridors in consultation with all stakeholders to improve traffic flow. "They had identified 77 corridors of around 400 kms for improvement.

The tasks identified were road engineering interventions to address choke points, regulation through augmented traffic police deployment and systems, manual intervention during peak hours and continuous action against unauthorized parking and removal of encroachments on these corridors," said the sources.

Though some head-way was made, however work pertaining to removal of encroachments and unauthorized structures still remain stalled even after five years.

millenniumpost
NEW DELHI | WEDNESDAY, 6 JULY, 2022

# Clear pending tasks to decongest 77 corridors, improve traffic flow in 3 months: L-G to depts

**NEW DELHI:** Delhi Delhi Lt Governor V K Saxena has directed all agencies concerned, including PWD and DDA, to finish every pending task to decongest 77 corridors and improve traffic flow within three months, official sources said on Tuesday.



He has also asked the Delhi chief secretary to sort out all pending inter-departmental issues and fix a timeline for the completion of each task at hand.

The L-G instructed officials to ensure the timelines are met and responsibility is fixed in case of delay, said sources present at a meeting chaired by Saxena on Monday. Expressing displeasure over year-long delays in removing religious structures, shanties and trees, Saxena directed officials to ensure total inter-departmental coordination and do away with "unjustified" use of court orders as "excuses" for non-performance, they said.

Officials of various departments, including PWD, forest, home, Delhi Urban Shelter Improvement Board and Delhi Development Authority were present at the meeting.

According to sources, of the pending 119 tasks, as many as 58 were required to be acted upon by the PWD. Removal of trees at eight places, shanties at seven places and religious structures at 17 places, replacement of power transformers and poles, and five tasks related to non-availability of adequate parking outside banquet halls were delaying decongestion of important stretches, they said. These stretches include the Mehrauli-Gurgaon Road, Mehrauli-Badarpur Road, Ring Road (Vijay Nagar to Burari Chowk), and Loni Road (from Shahdara GT Road to Loni Border. MPOST

DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
LIBRARY
PRESS CLIPPING SERVICE

अमर उजाला
06/07/2022

# लंबित कार्य तीन माह में पूरा करें : एलजी

## 77 सड़क कॉरिडोर पर भीड़ कम करने की कवायद, धार्मिक संरचनाओं समेत झुग्गियों और पेड़ों को हटाने में देरी पर जताई नाराजगी

अमर उजाला ब्यूरो

**नई दिल्ली।** उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने दिल्ली के 77 सड़क कॉरिडोर पर भीड़ कम करने सहित तमाम लंबित कार्यों को तीन महीने के भीतर पूरा करने के निर्देश दिए हैं।

सुरक्षा के लिहाज से वन विभाग, लोक निर्माण विभाग, गृह विभाग, दिल्ली विकास प्राधिकरण और डुसिब सहित सभी संबंधित एजेंसियों को भी लंबित कार्यों को समय पर पूरा करने के लिए कहा है। 2019 तक बिजली के खंभे, ट्रांसफार्मर को हटाने के अधिकांश कार्यों को पूरा नहीं किया जा सका है। 400 किलोमीटर के दायरे में इन कॉरिडोर पर कार्यों के पूरा होने से यातायात व्यवस्था में काफी सुधार की उम्मीद है। सूत्रों के



विनय कुमार सक्सेना

मुताबिक, उपराज्यपाल ने पेड़ों, धार्मिक संरचनाओं और झुग्गियों को हटाने में देरी पर नाराजगी व्यक्त करते हुए अधिकारियों से विभागों के बीच बेहतर समन्वय बनाने के लिए कहा है। कई बार विभागों के बीच पत्र व्यवहार में मामले उलझ जाते हैं, इस पर चर्चा करने की जरूरत है। उन्होंने न्यायालय के आदेशों का बहाना बनाने और इसके अनुचित उपयोग करने की आदत से दूर रहने को कहा। उपराज्यपाल ने सभी लंबित अंतर विभागीय मुद्दों को सुलझाने के लिए कार्यों के लिए समय सीमा तय करने का मुख्य सचिव को निर्देश दिए। अगर तयशुदा वक्त पर कार्य पूरे नहीं हुए तो उनकी जिम्मेदारी तय होनी चाहिए।


### लोक निर्माण विभाग के सर्वाधिक मामले लंबित

लंबित 119 कार्यों में से 58 पर लोक निर्माण विभाग की तरफ से कार्रवाई होनी थी। पेड़ों को हटाने के आठ, सात जगहों पर झुग्गियों और 17 स्थानों पर धार्मिक संरचनाओं के अलावा बिजली ट्रांसफार्मर और खंभे बदलने के निर्देश दिए गए हैं। बैंक्वेट हॉल के बाहर पर्याप्त पार्किंग की अनुपलब्धता सहित महरौली-गुरुग्राम रोड, महरौली-बदरपुर रोड, रिंग रोड (विजय नगर से बुराड़ी चौक), लोनी रोड (शाहदरा जीटी रोड से लोनी बॉर्डर तक) सहित पांच सड़कों पर भीड़भाड़ कम करने में देरी से परेशानी बनी हुई है। अनधिकृत धार्मिक संरचनाओं और झुग्गियों को पहले हटाने के निर्देश देकर सभी अवैध गतिविधियों को अधिकारियों के हस्तक्षेप से तत्काल रोके जाने चाहिए।

**मल्टीलेवल पार्किंग विकसित करे एमसीडी :** उन्होंने कहा कि इन मामलों की व्यक्तिगत तौर पर निगरानी करेंगे। धार्मिक स्थलों को हटाने का निर्णय लेने वाली धार्मिक स्थल समिति की बैठक हर महीने के आखिरी दिवस पर होगी। इसमें लंबित मामलों पर निर्णय लिए जाएंगे। बैंक्वेट हॉल के नजदीक पार्किंग के मामले में डीडीए की तरफ से पहचान की गई जमीनें एमसीडी को सौंपने का निर्णय लिया है। उन्होंने एमसीडी को सौंपी गई जमीन पर अपनी लागत से मल्टीलेवल पार्किंग बनाने को कहा, ताकि मुश्किलें कम हो सकें। यातायात प्रवाह और प्रबंधन में सुधार और सुरक्षा के लिहाज से प्रमुख यात्रा कॉरिडोर की पहचान के लिए जनवरी, 2017 में ट्रैफिक रेंज के लिए बनाई गई टास्क फोर्स ने करीब 400 किलोमीटर में 77 कॉरिडोर की पहचान की थी। इसका उद्देश्य वाहनों का जाम लगने वाले संभावित क्षेत्रों की पहचान के बाद समस्या को दूर करने में इंजीनियरिंग, डिजाइन में बदला सहित पुलिस व दूसरी एजेंसियों को भी शामिल करना है। अनधिकृत पार्किंग और कॉरिडोर से अतिक्रमण हटाने का काम प्राथमिकता पर किए जाएंगे। यह पिछले पांच वर्षों से रुके हुए थे।

# गोकलपुर क्षेत्र में खेल महोत्सव शुरू

## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष गुप्ता की बॉल पर मनोज तिवारी ने मारा छक्का



खेल महोत्सव के उद्घाटन अवसर पर क्रिकेट खेलते आदेश गुप्ता। - अमर उजाला

अमर उजाला ब्यूरो

**नई दिल्ली।** गोकलपुर विधानसभा क्षेत्र के दबंग बाबरपुर विधानसभा क्षेत्र के बुलडोजर्स से टकराएंगे, तो बुराड़ी के बुल्स पुलिस पैंथर्स का मुकाबला करेंगे। इसी तरह करावल नगर के हीरोज मीडिया मास्टर्स से भिड़ेंगे। दरअसल, उत्तर-पूर्वी दिल्ली संसदीय क्षेत्र में सांसद मनोज तिवारी ने खेल महोत्सव की शुरुआत की। इसमें 10 विधानसभा क्षेत्रों की क्रिकेट टीम और महिला फुटबॉल, एथलेटिक्स टीम के बीच खेल प्रतियोगिता का आयोजन नंद नगरी के खेल मैदान में किया जाएगा।

इस मौके पर दिल्ली एंड डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट (डीडीसीए) के अध्यक्ष रोहन जेटली ने कहा कि ज्यादा से ज्यादा अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खिलाड़ियों को दिल्ली से निकालने का प्रयास है। अगर सांसद मनोज तिवारी दिल्ली विकास प्राधिकरण से जगह दिलवा दें तो दिल्ली क्रिकेट एकेडमी खोलने का प्रयास किया जाएगा। इसके अलावा उन्होंने उत्तर-पूर्वी दिल्ली में क्रिकेट मैदान विकसित करने का संकल्प लिया।

### दोस्ताना मैच खेला

आयोजकों के बीच एक खेल महोत्सव की शुरुआत के मौके पर दोस्ताना मैच खेला गया। छह ओवर के मैच की शुरुआत सांसद मनोज तिवारी ने प्रदेश भाजपा अध्यक्ष आदेश गुप्ता की बॉल पर छक्का मारकर किया। इस दौरान रोहन जेटली और रमेश बिधूड़ी ने भी क्रिकेट में हाथ आजमाया।

### जीत-हार से सीखते हैं धैर्य

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष आदेश गुप्ता ने कहा कि खेल से हम जीत-हार से धैर्य सीखते हैं। सांसदों के माध्यम से प्रधानमंत्री खेल महोत्सव का आयोजन कराकर समाज को एक संदेश और युवाओं को विशेष अवसर दे रहे हैं।

सांसद मनोज तिवारी ने कहा कि खेल महोत्सव में क्रिकेट के अलावा महिला फुटबाल और एथलेटिक्स भी होगा। क्रिकेट और फुटबाल में उत्तर-पूर्वी दिल्ली लोकसभा क्षेत्र की 12 टीमें खेलेंगी, जिसमें 10 विधानसभा क्षेत्रों की 10 टीम और दिल्ली पुलिस की एक व एक टीम मीडिया हिस्सा लेगी। सांसद रमेश बिधूड़ी ने कहा कि ऐसे आयोजन करने के लिए विशेष प्रयास और मेहनत की जरूरत होती है।